# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 10.02.2021**

## THE TRIBUNE




## F'BAD VARSITY OFFERS NEW COURSE

**Faridabad:** A value-added course on transmedia storytelling organised by the Department of Liberal Arts and Media Studies (LAMS) of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, here has begun. The inaugural session of the programme was presided over by Vice-Chancellor Dinesh Kumar. Assistant Director of All India Radio, New Delhi, Jainendra Singh and Professor of English in National Law University, Dwarka, and Director of Centre for Endangered languages Prof Prasannanshu Jain were keynote speakers in the inaugural session which was also attended by Registrar Dr SK Garg and Chairperson of LAMS Dr Atul Mishra. Addressing the session, Jainendra Singh focussed on elaborating the concept of transmedia storytelling which is not very popular. He underlined the difference between cross-media and transmedia storytelling.

The Tribune Wed, 10 February 2021 https://epaper.tribuneir

**NEWS CLIPPING: 10.02.2021**

## PUNJAB KESARI

# विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए समझौता

**जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने बीआईएम प्रौद्योगिक को लेकर टेक्नोस्ट्रक्ट अकादमी से किया समझौता**



**फरीदाबाद** ,राकेश देव (पंजाब केसरी) । आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग और निर्माण उद्योग में तेजी से उभर रही बिल्डिंग इनफोर्मेशन मॉडलिंग (बीआईएम) प्रौद्योगिकी पर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण तथा कार्य अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने निर्माण उद्योग में कार्यरत अमेरिकन कंपनी टेक्नोस्ट्रक्ट के शैक्षणिक उद्यम टेक्नोसस्ट्रक्ट अकादमी के साथ समझौता किया है।कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और टेक्नोस्ट्रक्चर अकादमी से नॉर्थ इंडिया हेड श्री अरुण कोचर ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौता पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. एम.एल. अग्रवाल, निदेशक इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली, और टेक्नोसट्रक्ट अकादमी में एसोसिएट प्रोफेसर दिव्याश्री भी उपस्थित थीं।समझौते के अंतर्गत टेक्नोस्ट्रक्चर अकादमी द्वारा प्रशिक्षण एवं विकास कार्यक्रम के माध्यम से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्यक्रम तथा अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम करने का अनुभव प्रदान करेगी तथा रोजगार के अवसर प्राप्त करने में भी सहयोग देगी।इस समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इससे सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को उद्योग के लिए जरूरी तकनीकी कौशल प्राप्त होगा, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि बीते एक दशक में निर्माण उद्योग हुए तकनीकी विकास से क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे है।

निर्माण उद्योग में नई तकनीक से निर्माण के तौर-तरीके अत्यधिक कुशल हो गये है तथा निर्माण लागत भी कम हो गई है। कुलपति ने आशा जताई कि इस सहयोग से निर्माण उद्योग को उनकी आवश्यकता के अनुसार कुशल कार्यबल उपलब्ध होगा।प्रो. एम. एल. अग्रवाल ने कहा कि बीआईएम निर्माण उद्योग में एक उभरती हुई तकनीक है जो भवन के डिजिटल मॉडल को बनाने में मदद करती है। यह मॉडल, जिसे बिल्डिंग इनफोर्मेशन मॉडल के रूप में जाना जाता है, का उपयोग योजना, डिजाइन, निर्माण और सुविधा के संचालन के लिए किया जा सकता है और आर्किटेक्ट, इंजीनियरों और निर्माणकर्ताओं को यह कल्पना करने में मदद करता है कि संभावित डिजाइन तथा निर्माण किस तरह से किया जाना है या इसमें क्या दिक्कत हो सकती है। इस प्रकार, समझौता से विद्यार्थियों को निर्माण उद्योग से जुड़ी अत्याधुनिक तकनीक पर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर बोलते हुए टेक्नोस्ट्रक्ट अकादमी के नॉर्थ इंडिया हेड श्री अरुण कोचर कहा कि निर्माण उद्योग के क्षेत्र में काफी कमी है, जिसे टेक्नोस्ट्रक्ट अकादमी अंतर्राष्ट्रीय मानक बीआईएम प्रबंधन पाठ्यक्रमों के माध्यम से पूरा करने की कोशिश कर रही है।

पंजाब केसरी Wed, 10 February 2021
mpaper.punjabkesari.com/c/58343151

**NEWS CLIPPING: 10.02.2021**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए को हराया

पलवल, 9 फरवरी (ब्यूरो): श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय एवं जेसी बोस विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए, फरीदाबाद के बीच फ्रेंडली टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन वाईएमसीए के कैंपस में किया गया। जिसमें श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट से जीत हासिल की।

वाईएमसीए ने जहां 20 ऑवर में सात विकेट पर 133 रन बनाये वहीं एसवीएसयू ने 19 ऑवर में सात विकेट पर 138 रन बनाकर तीन विकेट से जीत अपने नाम की। मैन ऑफ द मैच का खिताब शानदार रन बनाने पर एसवीएसयु के जेई विनोद को दिया गया।

दोनों विश्वविद्यालय के कुलपतियों ने कप्तान के तौर पर बेहतरीन भूमिका निभाई। एसवीएसयु के वाईस कैप्टन प्रवीण एवं टीम ने रनिंग ट्रॉफी प्राप्त की। वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दिनेश कुमार ने बेहतरीन खेल के लिए सभी टीम सदस्यों की सरहाना की एवं कहा कि खेलों के माध्यम से स्वास्थ्य एवं मित्रता को बढ़ावा मिलता है। एसवीएसयु के कुलपति राज नेहरू ने कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ दोनों विश्वविद्यालय के बीच एक सेतु का निर्माण करेंगी।



*विजेता टीम को ट्राफी देते हुए वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार।*

पंजाब केसरी ई-पेपर
Wed,10 February 2021
Edition: faridabad kesari, Pa

**NEWS CLIPPING: 10.02.2021**

**SATYAJAY TIMES**

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने बीआईएम प्रौद्योगिक को लेकर टेक्नोसस्ट्रक्ट अकादमी से किया समझौता

**फरीदाबाद, 09 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/प्रियंका।** आर्किटैक्चर, इंजीनियरिंग और निर्माण उद्योग में तेजी से उभर रही बिल्डिंग इनफोर्मेशन मॉडलिंग (बीआईएम) प्रौद्योगिकी पर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण तथा कार्य अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने निर्माण उद्योग में कार्यरत अमेरिकन कंपनी टेक्नोस्ट्रक्ट के शैक्षणिक उद्यम टेक्नोसस्ट्रक्ट अकादमी के साथ समझौता किया है।



कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और टेक्नोस्ट्रक्चर अकादमी से नॉर्थ इंडिया हेड श्री अरुण कोचर ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौता पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. एम.एल. अग्रवाल, निदेशक इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली, और टेक्नोसट्रक्ट अकादमी में एसोसिएट प्रोफेसर दिव्याश्री भी उपस्थित थीं। समझौते के अंतर्गत टेक्नोस्ट्रक्चर अकादमी द्वारा प्रशिक्षण एवं विकास कार्यक्रम के माध्यम से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्यक्रम तथा अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम करने का अनुभव प्रदान करेगी तथा रोजगार के अवसर प्राप्त करने में भी सहयोग देगी।

इस समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इससे सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को उद्योग के लिए जरूरी तकनीकी कौशल प्राप्त होगा, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि बीते एक दशक में निर्माण उद्योग हुए तकनीकी विकास से क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे है। निर्माण उद्योग में नई तकनीक से निर्माण के तौर-तरीके अत्यधिक कुशल हो गये है तथा निर्माण लागत भी कम हो गई है। कुलपति ने आशा जताई कि इस सहयोग से निर्माण उद्योग को उनकी आवश्यकता के अनुसार कुशल कार्यबल उपलब्ध होगा।

प्रो. एम. एल. अग्रवाल ने कहा कि बीआईएम निर्माण उद्योग में एक उभरती हुई तकनीक है जो भवन के डिजिटल मॉडल को बनाने में मदद करती है। यह मॉडल, जिसे बिल्डिंग इनफोर्मेशन मॉडल के रूप में जाना जाता है, का उपयोग योजना, डिजाइन, निर्माण और सुविधा के संचालन के लिए किया जा सकता है और आर्किटेक्ट, इंजीनियरों और निर्माणकताओं को यह कल्पना करने में मदद करता है कि संभावित डिजाइन तथा निर्माण किस तरह से किया जाना है या इसमें क्या दिक्कत हो सकती है। इस प्रकार, समझौता से विद्यार्थियों को निर्माण उद्योग से जुड़ी अत्याधुनिक तकनीक पर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर बोलते हुए टेक्नोस्ट्रक्ट अकादमी के नॉर्थ इंडिया हेड श्री अरुण कोचर कहा कि निर्माण उद्योग के क्षेत्र में काफी कमी है, जिसे टेक्नोस्ट्रक्ट अकादमी अंतर्राष्ट्रीय मानक बीआईएम प्रबंधन पाठ्यक्रमों के माध्यम से पूरा करने की कोशिश कर रही है।

कोरोना महामारी के बादे भारतीय निर्माण उद्योग एक बार पुनः उभर रहा है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि 2030 तक भारत में रियल एस्टेट सेक्टर एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के बाजार का आकार ले लेगा और 2025 तक देश की जीडीपी में 13 प्रतिशत का योगदान करेगा। इस प्रकार, बीआईएम प्रौद्योगिकी के माध्यम से निर्माण क्षेत्र से जुड़े पेशवरों तथा विद्यार्थियों के लिए को कौशल विकास द्वारा रोजगार हासिल करने का बेहतरीन अवसर मिलेगा।

**NEWS CLIPPING: 10.02.2021**

## AMAR UJALA



जेसीबोस वाईएमसीए में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग के साथ टेक्नोस्ट्रक्ट अकादमी के नॉर्थ इंडिया से अरुण कोचर।

# छात्रों को अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम करने का मौका मिलेगा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बल्लभगढ़।** आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग और निर्माण उद्योग में तेजी से उभर रही बिल्डिंग इनफोर्मेशन मॉडलिंग (बीआईएम) प्रौद्योगिकी पर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने अमेरिकन कंपनी टेक्नोस्ट्रक्ट के साथ समझौता किया है।

टेक्नोस्ट्रक्ट अकादमी के नॉर्थ इंडिया हेड अरुण कोचर कहा कि निर्माण उद्योग के क्षेत्र में काफी कमी है, जिसे टेक्नोस्ट्रक्ट अकादमी अंतर्राष्ट्रीय मानक बीआईएम प्रबंधन पाठ्यक्रमों के माध्यम से पूरा करने की कोशिश कर रही है। समझौते के तहत विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम करने का अनुभव मिलेगा। साथ ही रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और अरुण कोचर ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौता पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. एमएल अग्रवाल, निदेशक इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली, और टेक्नोसट्रक्ट अकादमी में एसोसिएट प्रोफेसर दिव्याश्री भी उपस्थित थीं।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 10.02.2021**

## HADOTI ADHIKAR

# फ्रेंडली टी-20 क्रिकेट मैच

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने जेसी बोस विश्वविद्यालय को तीन विकेट से हराया



**सुरेशचंद गुप्ता / अधिकार संवाददाता**

पलवल, 9 फरवरी। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय एवं जेसी बोस विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदावाद के बीच फ्रेंडली टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन वाईएमसीए के कैंपस में किया गया, जिसमें श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट से जीत हासिल की। वाईएमसीए ने जहां 20 ऑवर में सात विकेट पर 133 रन बनाये वहीं एसवीएसयू ने 19 ऑवर में सात विकेट पर 138 रन बनाकर तीन विकेट से जीत अपने नाम की। मैन ऑफ द मैच का खिताब शानदार रन बनाने पर एसवीएसयु के जेई विनोद को दिया गया।

दोनों विश्वविद्यालय के कुलपतियों ने कप्तान के तौर पर बेहतरीन भूमिका निभाई। एसवीएसयु के वाइस कैप्टन प्रवीण एवं टीम ने रनिंग ट्रॉफी प्राप्त की। वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दिनेश कुमार ने बेहतरीन खेल के लिए सभी टीम सदस्यों की सरहाना की एवं कहा कि खेलों के माध्यम से स्वास्थ्य एवं मित्रता को बढ़ावा मिलता है। एसवीएसयु के कुलपति राज नेहरू ने कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ दोनों विश्वविद्यालय के बीच एक सेतु का निर्माण करेंगी।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 10.02.2021**

## PUNJAB KESARI

# सबाल्टर्न दृष्टिकोण की अवधारणा को विस्तार से बताया

**फरीदाबाद** ,राकेश देव (पंजाब केसरी) । जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौधोगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज विभाग द्वारा ट्रांसमीडिया स्टोरीटेलिंग पर आयोजित मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम के दूसरे दिन सिडनी युनिवर्सिटी, आस्ट्रेलिया में सबाल्टर्न स्टडीज के एसोसिएट प्रोफेसर डा. अहमर महबूब तथा स्नातकोत्तर विश्वविद्यालय फरीदाबाद में एसोसिएट प्रोफेसर डा. नीरा कंवर मुख्य वक्ता रहे। इस पाठ्यक्रम में लगभग 300 प्रतिभागी भाग ले रहे है। दूसरे दिन सत्र का संयोजन एवं संचालन डॉ. दिव्य ज्योति सिंह द्वारा वर्चुअल संवाद के माध्यम से किया गया।भाषाविज्ञान के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाले डा. अहमर महबूब ने सबाल्टर्न परिपेक्ष्य में कहानी कहने की अवधारणा की व्याख्या की तथा बताया कि आज के परिपेक्ष्य में इसके क्या मायने हैं। उन्होंने इस विषय से जुड़ी कई तरह की बातें विद्यार्थियों के समक्ष रखी जैसे औपनिवेशिक काल में ब्रिटेन के लिए शक्कर का क्या महत्व था अथवा ड्रग्स को हथियार की तरह कैसे इस्तेमाल किया गया। उन्होंने सबाल्टर्न दृष्टिकोण की अवधारणा को विस्तार से बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि "सबाल्टर्न एक सिद्धांत नहीं है अपितु एक अभ्यास है। यह उस तरह से व्यावहारिक नहीं, जिसका उपयोग समाधान के लिए किया जा सके। उन्होंने परिमित और अनंत लक्ष्यों के बारे में बात करते हुए कहा कि शिक्षा एक अनंत लक्ष्य है, जिसे सैद्धांतिक रूप से कभी प्राप्त नहीं किया जा सकता। हालांकि एक परिमित लक्ष्य के रूप में संसाधन का उपयोग करते हुए ज्ञान का अर्जन किया जा सकता है। एनिमेशन के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने जागरुकता अभियान के लिए इसके उपयोग पर बल दिया। डॉ. नीरा कंवर ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिकता के दौर में कहानी कहने का तरीका बदला है और इसने कहानी रोचक बनाया है। बदलते समय के साथ कहानियों ने कल्पना को नया आकार दिया है जिसका असर समाज पर भी दिखता है।

पंजाब केसरी
www.PunjabKesari.com
Wed, 10 February 2021
mpaper.punjabkesari.com/c/583

**NEWS CLIPPING: 10.02.2021**

**HINDUSTAN**

# तकनीकी कौशल देने के लिए समझौता किया

**तैयारी**

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने निर्माण उद्योग में कार्यरत अमेरिकन कंपनी टेक्नोस्ट्रक्ट के शैक्षणिक उद्यम टेक्नोसस्ट्रक्ट अकादमी के साथ समझौता किया है। यह समझौता आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग और निर्माण उद्योग में तेजी से उभर रही बिल्डिंग इनफोर्मेशन मॉडलिंग (बीआईएम) प्रौद्योगिकी पर छात्रों को प्रशिक्षण तथा कार्य अनुभव प्रदान करने के लिए किया गया है। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और टेक्नोस्ट्रक्चर अकादमी से नॉर्थ इंडिया हेड अरुण कोचरने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

समझौते के तहत टेक्नोस्ट्रक्चर अकादमी की ओर से प्रशिक्षण एवं विकास कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान के छात्रों को मुफ्त पाठ्यक्रम तथा अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम करने का अनुभव प्रदान करेगी तथा रोजगार के अवसर प्राप्त करने में भी सहयोग देगी। इस अवसर पर सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. एमएल अग्रवाल सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## रोजगार के अवसर प्राप्त करने में मिलेगा सहयोग

इस समझौते पर खुशी जताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इससे सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों को उद्योग के लिए जरूरी तकनीकी कौशल प्राप्त होगा, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि बीते एक दशक में निर्माण उद्योग हुए तकनीकी विकास से क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। प्रो. एमएल अग्रवाल ने कहा कि बीआईएम निर्माण उद्योग में एक उभरती हुई तकनीक है जो भवन के डिजिटल मॉडल को बनाने में मदद करती है। यह मॉडल, जिसे बिल्डिंग इनफोर्मेशन मॉडल के रूप में जाना जाता है, का उपयोग योजना, डिजाइन, निर्माण और सुविधा के संचालन के लिए किया जा सकता है और आर्किटेक्ट, इंजीनियरों और निर्माणकर्ताओं को यह कल्पना करने में मदद करता है कि संभावित डिजाइन तथा निर्माण किस तरह से किया जाना है। या इसमें क्या दिक्कत हो सकती है। इस प्रकार समझौते से विद्यार्थियों को निर्माण उद्योग से जुड़ी अत्याधुनिक तकनीक पर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

**NEWS CLIPPING: 10.02.2021**

**AMAR UJALA**

# विश्वकर्मा विवि ने वाईएमसीए को हराया

**गुरुग्राम।** विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय एवं जेसी बोस विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए, फरीदावाद के बीच फ्रेंडली टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन वाईएमसीए के कैंपस में किया गया। जिसमें श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट से जीत हासिल की। वाईएमसीए ने जहां 20 आवर में सात विकेट पर 133 रन बनाए, वहीं एसवीएसयू ने 19 आवर में सात विकेट पर 138 रन बनाकर तीन विकेट से जीत अपने नाम की। मैन ऑफ द मैच का खिताब शानदार रन बनाने पर एसवीएसयू के जेई विनोद को दिया गया। दोनों विश्वविद्यालय के कुलपतियों ने कप्तान के तौर पर बेहतरीन भूमिका निभाई। एसवीएसयू के वाइस कैप्टन प्रवीण एवं टीम ने रनिंग ट्रॉफी प्राप्त की।

**NEWS CLIPPING: 10.02.2021**

**NAVBHARAT TIMES**

# यूनिवर्सिटी ने अमेरिकी कंपनी से किया करार

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग व निर्माण उद्योग में तेजी से उभर रही बिल्डिंग इन्फॉर्मेशन मॉडलिंग प्रौद्योगिकी पर छात्रों को प्रशिक्षण व कार्य अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने अमेरिकी कंपनी से करार किया है। निर्माण उद्योग में कार्यरत अमेरिकन कंपनी टेक्नोस्ट्रक्ट के शैक्षणिक उद्यम टेक्नोसस्ट्रक्ट अकादमी के साथ यह करार हुआ है। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग व अकादमी के नॉर्थ इंडिया हेड अरुण कोचन ने कुलपति दिनेश कुमार की उपस्थिति में करार पर हस्ताक्षर किए। समझौते तहत अकादमी छात्रों को मुफ्त कोर्स कराएगी व अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम करने का अनुभव देगी। रोजगार के अवसर प्राप्त करने में भी सहयोग देगी।

**NEWS CLIPPING: 10.02.2021**

## NAVBHARAT TIMES

# छात्रों से किया वर्चुअल संवाद

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज विभाग द्वारा ट्रांस मीडिया स्टोरी टेलिंग पर आयोजित मूल्य वर्धित कोर्स के दूसरे दिन सिडनी यूनिवर्सिटी में सबाल्टर्न स्टडीज के असोसिएट प्रफेसर डॉ. अहमर महबूब व नेहरू कॉलेज फरीदाबाद की असोसिएट प्रफेसर डॉ. नीरा कंवर ने छात्रों से वर्चुअल संवाद किया। इस कोर्स में 300 छात्र भाग ले रहे हैं।